| दिनांक 10.08.2025 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 14/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## कमिश्नरेट आगरा/थाना जगदीशपुरा

- **पुलिस कार्यवाही में 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की सफेद धातु के आभूषण**
- **चोरी के 01 लाख 80 हजार 150 रूपय नगद**
- **घटना में प्रयुक्त 01 दो पहिया वाहन बरामद**

दिनॉक:10.08.2025 को थाना जगदीशपुरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पथौली बिचपुरी नहर मार्ग पर बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया, तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त मोहसिन घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की सफेद धातु के आभूषण, चोरी के 01 लाख 80 हजार 150 रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त 01 दो पहिया वाहन बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना जगदीशपुरा पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध कमिश्नरेट आगरा, गाजियाबाद, उत्तराखण्ड, राजस्थान प्रान्त के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना जगदीशपुरा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफतार अभियुक्त</u>**

1– मोहसिन निवासी यासनीगढ़ी वेव सिटी ग्रामीण कमिश्नरेट गाजियाबाद।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की सफेद धातु के आभूषण।

2–चोरी के 01 लाख 80 हजार 150 रूपये नगद।

3–घटना में प्रयुक्त 01 दो पहिया वाहन।

**<u>जनपद बाराबंकी/थाना दरियाबाद</u>**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटनाओं का अनावरण**
- **चोरी की पीली–सफद धातु के आभूषण**
- **चोरी की 28 हजार रूपय नगद**
- **13 लीटर मेंथा आयल, 01 बैट्री आदि बरामद**

दिनॉकः 10.08.2025 को थाना दरियाबाद, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जेठौती कुर्मियान रेलवे क्रासिंग के पास से 02 अभियुक्तों 1–लल्लू 2–राम समुझ को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण, चोरी की 28 हजार रूपये नगद, 13 लीटर मेंथा आयल, 01 बैट्री आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना दरियाबाद क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना दरियाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपये आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त लल्लू हिस्ट्रीशीटर अपराधी

है, जिसके विरूद्ध जनपद बाराबंकी के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के लगभग 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना दरियाबाद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–लल्लू निवासी अम्बरपुर थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी।

2–राम समुझ निवासी ग्राम बभनाबारी थाना दरियाबाद जनपद बाराबंकी।

**बरामदगी**

1–चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–चोरी की 28 हजार रूपये नगद।

3–13 लीटर मेंथा आयल, 01 बैट्री आदि।

## जनपद बस्ती/थाना कोतवाली

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 10 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 10.08.2025 को थाना कोतवाली व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मुड़घाट पुल के पास से 05 अभियुक्तों 1–सुनील 2–अजीत 3–ओमप्रकाश 4–चन्द्र कुमार 5–विदेशीराम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 10 मोटर साइकिल बरामद हुयी।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, जिसमें अभियुक्त सुनील के विरूद्ध जनपद बस्ती के विभिन्न थानों पर वाहन चोरी आदि के 09 अभियोग, अभियुक्त अजीत, ओमप्रकाश, चन्द्र कुमार व विदेशीराम के विरूद्ध जनपद बस्ती के विभिन्न थानों पर वाहन चोरी आदि के 08–08 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सुनील निवासी पेड़ारी थाना हरैया जनपद बस्ती।

2–अजीत निवासी पेड़ारी थाना हरैया जनपद बस्ती।

3–ओमप्रकाश निवासी सरवाहनपुर थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती।

4–चन्द्र कुमार निवासी लखनपुर थाना हरैया जनपद बस्ती।

5–विदेशीराम निवासी नरोत्तमपुर थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती।

**बरामदगी**

1–चोरी की 10 मोटर साइकिल

——————